# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय


ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, विश्वविद्यालय मार्ग
तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल 263139
**Tel:** +91- 5946 –286006
**Website:** www.uou.ac.in


**Tender Document No-**UOU/SPS/2021-22

Date: 18 / 05 /2021

## निविदा सूचना

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के कार्यालय प्रयोगार्थ ख्याति प्राप्त आपूर्तिकर्ताओं / अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न सामग्रियों के क्रय करने हेतु मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र 590.00 शुल्क जमा कर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से दिनांक 19.5.21 से 08.06.21 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं जिनकी भुगतान रसीद विश्वविद्यालय के लेखा अनुभाग से प्राप्त कर निविदा लिफाफे में संलग्न करनी अनिवार्य होगी और यदि निविदा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निकाला गया हो तो इसकी मूल्य राशि रू0 590.00 का ड्राफ्ट "उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी" के नाम पर बना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। निविदायें दिनांक 08/06/21 को प्रातः 11:00 बजे तक आंमत्रित की जाती हैं। तथा उसी दिन सायं 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण तथा शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uou.ac.in तथा निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

## विभिन्न सामग्रियों के क्रय करने हेतु नियम एवं शर्ते

### निविदा प्रपत्र मूल्यः 590.00

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के कार्यालय प्रयोगार्थ ख्याति प्राप्त आपूर्तिकर्ताओं/अधिकृत विक्रेता से विभिन्न सामग्रियों के क्रय करने हेतु मोहरबन्द निविदायें आंमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र 590.00 शुल्क जमा कर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से दिनांक 19/05/21 से 08/06/21 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं, यदि निविदा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निकाला गया हो तो इसकी मूल्य राशि रू0 590.00 का ड्राफ्ट "उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हैल्द्वानी" के नाम पर बना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। निविदायें दिनांक 08/06/21 को अपराहन 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती हैं, तथा उसी दिन 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।निविदा निर्धारित समय तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/वाहक से प्राप्त होने अथवा टेण्डर बॉक्स में डाले जाने पर ही स्वीकारी जायेगी। विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

निविदा के दो भाग होंगे। पहला भाग तकनीकी बिड (प्रपत्र–क) तथा दूसरा भाग वित्तीय बिड कहलायेगा। वित्तीय बिड में केवल निविदा की दरों से सम्बन्धित अभिलेख रखे जायेंगे। नियम एवं शर्तों में उल्लिखित अन्य समस्त वांछित अभिलेख तकनीकी बिड में रखे जायेंगे। तकनीकी तथा वित्तीय बिड को पृथक–पृथक मोहरबन्द लिफाफों में रखना होगा। इनके ऊपर क्रमशः तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड लिखा होना चाहिये। तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड के लिफाफो को एक बड़े लिफाफे मे रखकर जमा किया जायेगा। इस लिफाफे के ऊपर **'सामग्री का नाम लिख कर आपूर्ति हेतु निविदा'** तथा निविदादाता का नाम व पता स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति द्वारा पहले तकनीकी निविदा का मूल्यांकन किया जायेगा। जिन निविदादाताओं के वांछित प्रपत्र तकनीकी बिड में अर्ह पाये जायेंगे, केवल उन्हीं निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी।

कुलसचिव

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

## नियम एवं शर्ते

निविदा हेतु निविदादाताओं पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तें लागू होंगी तथा उनकी पुष्टि में आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा :–

1. **जमानत राशि (Security Money)**–सफल निविदादाता को विश्वविद्यालय कार्यालय के साथ एक अनुबंध निष्पादित करना होगा जिसके लिए स्वीकृति आदेश जारी होने के 10 दिन के अन्दर अनुमोदित दरों की तीन प्रतिशत की जमानत राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के रूप में निविदा के साथ एक अलग लिफाफे में रख उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के नाम बंधक/जमा करना आवश्यक होगा। जमानत राशि अनुबन्ध की अवधि पूर्ण होने के पश्चात आपूर्ति के संतोषजनक पाये जाने पर वापस की जायेगी जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। सामग्री क संतोषजनक न पाये जाने पर जमानत राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जायेगी। अस्वीकृत निविदादाताओं की जमानत राशि उनके दिये पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी। राजकीय ऐजेन्सी धरोहर राशि जमा करने से नियमानुसार मुक्त होगीं।
2. **वित्तीय बिड** –वित्तीय निविदा में मूल दर तथा विभिन्न कर (यदि कोई हो) आदि को समायोजित कर(सभी प्रकार के कर जैसे सर्विस कर आदि) टैक्स सहित दर प्रस्तुत की जायेगी। निविदा की दर शब्दों में भी स्पष्ट लिखा होना चाहिये। निविदा स्वीकृति के उपरान्त करों के कारण या अन्य किसी कारण से दरों में होने वाली वृद्धि अप्रभावी होगी।
3. **आपूर्ति**–निविदा स्वीकृतआदेश के जारी होने की तिथि से निर्धारित समय 15 दिवसों में विश्वविद्यालय के मानको के अनुरूप विश्वविद्यालय के भण्डार अनुभाग में आपूर्तिकर्ता को स्वयं के व्यय पर उपलब्ध करानी होगी। क्रयादेश के अनुसार आपूर्ति न करने पर अनुबन्ध समाप्त समझा जायेगा तथा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
4. फिटिंग आदि कार्यो हेतु आपूर्तिकर्ता को 07 दिन का अतिरिक्त समय दिया जायेगा जिसमें उनको फिंटग को सुनियोजित करने हेतु विश्वविद्यालय के आई0सी0टी0 अनुभाग के कर्मचारीयों की देखरेख एवं निर्देश अनुसार करना होगा। साथ ही कार्य समय से न किये जाने पर आपूर्तिकर्ता के भुगतान से 10 प्रतिशत की धनराशि की कटौती करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतन्त्र होगा।
5. **करों के सम्बन्ध में**– वे समस्त कर जैसे आयकर /व्यपार कर/ सेवा कर आदि सभी का भुगतान फर्म/आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वतः देय होंगे। अतः निविदा भरते समय इन सब बातों का विशेष घ्यान रखें। अनुबंध होने के पश्चात प्रदत दरों में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जायेगा।
6. निविदादाता फर्म बिक्रीकर विभाग से पंजीकृत होनी चाहिये (प्रमाण पत्र संलग्न करें)।
7. फर्म के आयकर पंजीकरण (PAN) की प्रति तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा।
8. निविदादाता की कोई शर्त स्वीकार्य नहीं होगी। नियम व शर्तों के अनुरुप निविदा प्रस्तुत न किये जाने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. एक निविदादाता एक ही निविदा जमा कर सकेगा। निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होंगी। जो निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में नहीं होंगी, वे मान्य नहीं होंगी।
10. अपेक्षानुसार गुणवत्ता न पाये जाने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

11. निविदा की दरें उन्हीं सामग्रियों की दी जायेंगी जिनका उल्लेख निविदा फार्म में किया गया है।
12. निविदाओं में वे आपूर्तिकर्ता/फर्म जिन्होंने पूर्व में किसी सरकारी संगठन/कार्यालय में एयर कंडीशनर (आपूर्ति की गई एयर कंडीशनर की संख्या सहित सरकारी कार्यालय/संगठन का कार्य आदेश की प्रति) की आपूर्ति की हो तो उसका प्रमाण पत्र भी दिया जाये जिससे फर्म की वित्तीय स्थिति अथवा कार्य दक्षता का आंकलन विश्वविद्यालय द्वारा किया जा सके।
13. निविदा आवश्यक रूप से दिये गये मानकों के अनुसार होनी चाहिए। मानक के अनुरूप न पाए जाने पर निविदा रद्द कर दी जाएंगी। अधूरे अथवा अस्पष्ट ऑफर को रद्द कर दिया जायेगा।
14. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए एक अथवा समस्त प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है। साथ ही बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में निविदा प्रक्रिया पर रोक तथा पुनः नवीन निविदा आमंत्रित सकता है।
15. निविदाकर्ता की ओर से किसी प्रकार के नियम अथवा शर्त आरोपित किया जाना स्वीकार नहीं होगा। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर तथा फर्म के मालिक/साझीदार के हस्ताक्षर अंकित होने अनिवार्य हैं।
16. निविदा आवेदन पत्र शुल्क रु0 590.00 (रु0 पांच सौ नब्बे मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के नाम जमा करना होगा।
17. निविदा धरोहर राशि रु0 10,000.00 (दस हजार मात्र)– यदि कार्य का मूल्य रू0 5 लाख से अधिक है, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के नाम जमा करना होगा।
18. निविदादाता कोएयर कंडीशनर की आपूर्ति का कम से कम 03 (तीन) वर्षो का अनुभव होना चाहिए, अनुभव प्रमाण पत्र तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक है।
19. यदि कार्य का मूल्य रू0 5 लाख से अधिक है तो निविदादाता का वर्ष 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 में प्रत्येक वर्ष में वार्षिक टर्न ओवर रु0 500000/– से कम नहीं होना चाहिए, प्रमाण तकनीकी बिड के साथ जमा किया जाना आवश्यक है।
20. निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट् न किये जाने सम्बन्धी संलग्न–02 के अनुसार शपथपत्र की स्कैन प्रति जमा करना आवश्यक होगा।
21. संलग्नक–01 के अनुसार तकनीकी बिड प्रारूप तथा तकनीकी बिड में चाहे गये दस्तावेज क्रमवार लगाकर जमा करना अनिवार्य होंगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
22. क्रय समिति द्वारा प्रथमतः तकनीकी बिड खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
23. यदि तकनीकी बिड का प्रारूप तथा उसके संलग्नक अपूर्ण पाये जाते हैं तो सम्बन्धित निविदादाता की तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।
24. निविदा के दोनों प्रपत्र स्पष्ट रूप से भरे होने चाहिए, अधूरे प्रपत्र एवं कटिंग (ओवर राइटिंग) वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
25. स्रोत पर की जाने वाली वैधानिक कटौतियाँ देयकों से की जायेगी एवं मॉग करने पर कटौती का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

26. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होती है फर्म को क्रयादेश दिये जाने के 02 दिन के अन्तर्गत आपूर्ति करने हेतु ई–मेल के माध्यम से अपनी सहमति भेजनी होगी।
27. दरें स्वीकृत हो जाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति फर्म का निरीक्षण कर सकती है यदि निरीक्षण में फर्म उक्त कार्य को करने के लिये सक्षम नहीं पाई जाती है तो क्रयादेश निरस्त किया जा सकता है अथवा सामग्री का कार्य दूसरी वरीयता वाली फर्म को दिया जा सकता है तथा ऐसी गलत पायी गई फर्म की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
28. यदि सफल निविदादाता सामग्री की आपूर्ति नियत तिथि तक नहीं कर पाता तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा क्रयादेश मूल्य का 01 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से कटौती की जाएगी जो कि क्रयादेश के अधिकतम का 10 प्रतिशत तक हो सकती है। क्रय आदेश को निरस्त किया जा सकता है। यदि क्रय आदेश निरस्त किया जाता है तो ऐसी स्थिति में विक्रेता किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।
29. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि यदि निविदादाता निर्धारित अवधि में सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है, तो जैसा वह उचित समझे निविदाकार के विरूद्व निर्णय ले सकता है जिसमें जॉब सिक्युरिटी राशि जब्त करना भी शामिल है।
30. निविदा पूर्ण तथा यथोचित होनी चाहिए तथा समस्त कर, आकस्मिक व्यय जिसमें इन्श्योरेंस आदि सम्मिलित हो को कवर किया जाना होगा, निविदा स्वयं में पूर्ण होनी चाहिए तथा निविदाकार के समस्त दायित्वों तथा कार्य के संतोषप्रद निर्वहन हेतु आवश्यक समस्त प्रकरण एंव चीजों को कवर किया जाना होगा।
31. निविदा में अंकित दरों में वृद्धि किसी भी स्थिति में अनुमन्य नहीं होगी। अंकित दरें किसी भी कारण यथा सामग्रियों के दाम, मूल सामग्रियों, एक्सचेंज दर, माल भाडें तथा तद्समान लेबर दर इत्यादि आदि में बढ़ोतरी पर निर्भर नहीं रहेगी।
32. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण बताए किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकता हैं।
33. सामग्रियों की आपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान पर स्वयं के व्यय पर करनी होगी, किसी भी प्रकार का किराया अनुमन्य नहीं होगा। अंकित दरें निर्माण तथा ढुलान सहित अंकित होंगी।
34. निविदा स्वीकृत होने तथा क्रयादेश निर्गत होने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो निविदा प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी। आंशिक कार्य करने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो कार्यपूर्ति प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी तथा सम्बन्धित फर्म को काली सूची में डाला जायेगा।
35. निविदा खुलने के उपरान्त दरों तथा शर्तों में कोई संशोधन स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा।
36. सामग्री प्राप्त होने पर बिल का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। शेष 20 प्रतिशत 15 दिनों के बाद किया जायेगा। अन्तिम भुगतान हेतु original manuscript, अनुमोदित प्रूफ, चालान की प्रति उपलब्ध करानी होगी।
37. आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर उच्च गुणवत्ता में त्रुटिपूर्ण होने, निर्धारित समयान्तर्गत आपूर्ति न होने पर बिल की धनराशि में कटौती करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा, जिस पर कोई आपत्ति नहीं की जायेगी।

38. जिस निविदादाता की दरें स्वीकृत होंगी उसे विश्वविद्यालय के साथ रु0 100/– के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।
39. निविदाऐं जमा करने के उपरान्त किसी भी दशा में निविदा वापस नहीं की जायेगी तथा निविदा प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी।
40. निविदादाता को कार्यादेश मिलने के उपरान्त सम्बन्धित कार्य को किसी दूसरी फर्म/कम्पनी को उप पट्टे पर देने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा प्रतिभूति/कार्य प्रतिभूति जब्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।
41. सामग्री आपूर्ति हेतु गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना अनिवार्य हैं। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता मान्य नहीं होगा।
42. अस्वीकृत कि गई वस्तुओं को अस्वीकृत की सूचना कि तारीख से एक सप्ताह के अन्दर निविदादाता द्वारा उसें अवश्य हटा लिया जाना चाहिए। संबधित विभाग ऐसे समान का ध्यान अवश्य रखेगा लेकिन उनके अधिकार क्षेत्र में रखे सामान को होने वाली हानि, कमी, क्षति के लिए किसी भी स्थिति में जिम्मेदार नहीं होगा।
43. निविदा प्रपत्र में वर्णित सामग्री के मेक/ब्राण्ड के अतिरिक्त अन्य किसी मेक/ब्राण्ड की दरें अंकित नहीं की जायगी। जहाँ ब्राण्ड/मेक अंकित नहीं है निविदादाता ब्राण्ड/मेक अंकित करेगा।
44. विश्वविद्यालय को निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।
45. किसी भी विवाद की स्थिति में मा0 कुलपति जी का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा।
46. सम्बंधित कार्य के सम्बन्ध में किसी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र मुख्यालय नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।
47. सामग्री आपूर्ति के साथ क्रयादेश की कॉपी एवं दो प्रतियों में बीजक साथ में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
48. निविदादाता को अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
49. मॉग की गयी सामग्रियों का सर्विस सेंटर उत्तराखण्ड के कुमाऊ क्षेत्र में होना आवश्यक होगा।
50. निविदादाता द्वारा प्रत्येक सामग्री के लिए पृथक–पृथक से निविदायें (तकनीकी/वित्तीय) भर कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करना होगा। एक साथ भेजी गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
51. प्रत्येक सामग्री की निविदा पृथक से खोली जायेगी और उसी आधार पर निविदा का मूल्याकन किया जायेगा।

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी, नैनीताल

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

## तकनीकी बिड प्रारूप

संलग्नक–01

| क्रम | वस्तु | विवरण | | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता का नाम | | | |
| 2. | निविदादाता की फर्म नाम तथा पता | ....................................................................................<br>........................................................................ | | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि के रूप में रू0 590/– की राशि जमा कराने का विवरण। | Transaction Number | | |
| | | Date of Transaction | | |
| | | Amount | Rs 590.00 | |
| 4. | यदि कार्य का मूल्य रू0 5 लाख से अधिक है तो धरोहर राशि जमा कराने का विवरण। | Transaction Number | | |
| | | Date of Transaction | | |
| | | Amount | | |
| 5. | निविदादाता के राज्य सम्बन्धी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें। | | | |
| 6. | निविदादाता फर्म के पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें | | | |
| 7. | निविदादाता फर्म के प्राधिकृत सम्पर्ककता के नाम | | | |
| 8. | निविदादाता फर्म के अधिकृत सम्पर्ककता का फोन/मोबाइल नम्बर | | | |
| 9. | निविदादाता फर्म का ई–मेल | | | |
| 10. | निविदादाता फर्म के जी0एस0टी0 पंजीकरण की सम्बन्धी जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्वप्रमाणित पंजीकरण की प्रति संलग्न करें। | | | |
| 11. | निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट न किये जाने सम्बन्धी शपथपत्र की छायाप्रति संलग्न करें। | | | |
| 12. | यदि कार्य का मूल्य रू0 5 लाख से अधिक है तो, निविदादाता फर्म के वार्षिक टर्नओवर सम्बन्धी सी0ए0 के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें (प्रत्येक वर्ष में रू0 500000/– से कम नहीं होना चाहिए) | **Financial Year** | **Turn Over** | |
| | | 2017-18 | | |
| | | 2018-19 | | |
| | | 2019-20 | | |
| 13. | निविदादाता फर्म के आयकर रिटर्न जमा करने सम्बन्धी प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें। | Assessment Year 2018-19 | | |
| | | Assessment Year 2019-20 | | |
| | | Assessment Year 2020-21 | | |
| 14. | निविदादाता फर्म द्वारा पूर्व में की गयी आपूर्तियों का अनुभव प्रमाण पत्र स्कैन प्रति संलग्न करें। | | | |
| 15. | पूर्व में की गई सरकारी आपूर्तियों का अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो तो –दरें समान होने पर संबंधित फर्म को वरीयता दी जाएगी) | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता
मुहर

संलग्न – 02

# On Rs. 100/- Non Judicial Stamp Paper
## PROFORMA FOR
## NON BLACKLISTING AFFIDAVIT
## UNDERTAKING

I/we do hereby declare that our firm is not black listed or debarred or prohibited by Government of Uttarakhand/Government of Indiaor any State Government/Board/Universities, since inceptionof the Firm/Company, and no enquiry is pending against my/our firm/company and no criminal case is pending against the firm/company.

I further undertake and understand that if all above declaration proves to be wrong/ incorrect or misleading, our tender/ contract stands to be cancelled/ terminated.

Signature of Authorized Person
Name and seal of the firm
Date: …../…../2021
Contact Number.

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

संलग्न – 03

## एयर कंडीशनर (Duck AC (5.5 ton) with installation)

Technical Specification

- Indoor / Outdoor unit – complete (with gas charging)
- GI sheet ducting accostic duct insulation
- Canvas connection
- Grill with fitting
- Copper pipe
- Installation

(वित्तीय बिड)

फर्म का नाम ......................................................

ब्राण्ड / मेक : **DAIKIN/ VOLTAS/ PANASONIC/BLUESTAR**

| क्रम संख्या | समग्री का विवरण | अपेक्षित मात्रा | मुल्य सभी करों सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | Indoor / Outdoor unit – complete (with gas charging) | 02 | |
| | GI sheet ducting accostic duct insulation | As per actual | |
| | Canvas connection | As per actual | |
| | Grill with fitting | As per actual | |
| | Copper pipe | As per actual | |
| | Installation and commissiong | - | |

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर ......................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के नाम ......................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के मुहर ......................................................

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

संलग्न – 04

**False ceiling with installation**

Technical Specification

- 12.50 mm thick plain gypsum boards (fire-resistant, sound-insulated )
- Ceiling sections - perimeter channels of size 20 mm x 28 mm x 30 mm
- Intermediate channels of size 15 mm x 45 mm x 15 mm at a spacing not exceeding 1200 mm c/c suspended using ceiling angles of size 25 mm x 10 mm and appropriate length
- G.I. soffit cleats of size 27 mm x 37mm x 25 mm x 1.6 mm
- Fasteners of 38 mm x 12 mm diameter at a spacing not exceeding 1200 mm c/c, ceiling sections of size 80 mm x 26 mm x 51 mm
- G.I. connecting clips of 2.64 mm diameter at junctions

(वित्तीय बिड)

फर्म का नाम ........................................................

| क्रम संख्या | समग्री का विवरण | अपेक्षित मात्रा | मुल्य सभी करों सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | As above with installation | 30*30 Feet Approx | |

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर ..................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के नाम ..................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के मुहर ..................................................

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे
विश्वविद्यालय मार्गतीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल
Website - www.uou.ac.in

संलग्न – 05

**Antistatic raised Flooring with installation**

Technical Specification

- 12*24 feet approx
- High Pressure Laminate panels - 360 kg. per square inch concentrated
- Pedestral set assembly Base 300mm Finished Floor Height
- Stringer C Type

(वित्तीय बिड)

फर्म का नाम ..................................................

| क्रम संख्या | समग्री का विवरण | अपेक्षित मात्रा | मुल्य सभी करों सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | As above with installation | 12*24 Feet Approx | |

फर्म /(Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर ..................................................

फर्म /(Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के नाम ..................................................

फर्म /(Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के मुहर ..................................................

संलग्न – 06

**Biometric Door access system (Finger print and card resader )**
**With installation**

Technical Specification

- Finger print - Yes
- Finger Capacity - 10000
- Card Capacity - 10000
- Record capacity - 100000
- Ethernet port - Yes
- Exit reader - Yes ( Finger print /Card reader )
- Voice prompt - Yes

(वित्तीय बिड)

फर्म का नाम .....................................................

| क्रम संख्या | समग्री का विवरण | अपेक्षित मात्रा | मुल्य सभी करों सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | As above with installation | 01 | |

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर .....................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के नाम .....................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के मुहर .....................................................

संलग्न – 07

**Online UPS with installation**

Technical Specification

| Features | Details |
|---|---|
| Rating | 20 KVA (3Phase IN /1Phase OUT ) |
| Parallel operations | Should support upto 4 UPS |
| Power factor | 0.9 |
| Efficiency @100% | Upto 94% |
| Input Voltage | 415 VAC |
| Input voltage range | 190 - 478 VAC |
| Output Voltage | 230 VAC |
| Model Type | Tower |
| Topology | True Online Double Conversion |
| Technology | IGBT & DSP controller-based design with active power correction. |
| Battery type | SMF VRLA batteries |
| Minimum VAH | 12096 |
| Battery Quantity | 20 |
| Battery make | EXIDE/QUANTA/PANASONIC |
| Transformer | Built-in |
| Warranty | Three years comprehensive with battery |
| Communication port | Ethernet |
| Certification required | ISO 9001<br>ISO 14001<br>ISO 45001 |
| Parallel kit | To connect 02 UPS |

(वित्तीय बिड)

फर्म का नाम ..................................................

| क्रम संख्या | समग्री का विवरण | अपेक्षित मात्रा | मुल्य सभी करों सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | As above with installation | 02 | |

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर ..................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के नाम ..................................................

फर्म / (Sole Proprietor) आपूर्तिकर्ता के मुहर ..................................................